# -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 12.08.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा आईजीआरएस से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं गति लाने हेतु सम्बन्धित अधि0/कर्मचारियों के साथ की गई समीक्षा बैठक । शिकायत निस्तारण प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु दिए गए दिशा निर्देश ।**

**विवरण-** आज दिनांक 12.08.2025 को पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस लाइन बांदा नवीन सभागार में समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (Integrated Grievance Redressal System-IGRS) जनसुनवाई पोर्टल से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई । पुलिस अधीक्षक बांदा ने जनपद में आईजीआरएस के अंतर्गत प्राप्त हो रही शिकायतों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई और सभी सम्बन्धित को निर्देशित किया कि प्रकरणों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाए और प्रत्येक शिकायत पर की गई कार्यवाही तथ्यात्मक, स्पष्ट एवं संतोषजनक हो । साथ ही बताया कि आईजीआरएस एक जनहितकारी प्लेटफ़ॉर्म है जिसके माध्यम से आमजन की शिकायतें शासन स्तर तक पहुंचती हैं । ऐसे में सभी की जवाबदेही बनती है कि वह शिकायतों को गंभीरता से लेकर ईमानदारीपूर्वक एवं निष्पक्ष तरीके से उनका समाधान करें । प्रकरणों का केवल औपचारिक निस्तारण नहीं, बल्कि गुणवत्ता पूर्ण एवं वास्तविक समाधान किया जाए जिससे कि शिकायतकर्ता को संतोष प्राप्त हो । इस दौरान प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में आने वाली समस्याओं को सुन उनका निवारण भी किया गया । एवं सभी सम्बन्धि को सख्त हिदायत दी गई कि यदि प्रार्थना पत्रो के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी । बैठक के दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक सुश्री माविस टक, क्षेत्राधिकारी अतर्रा श्री प्रवीण कुमार यादव, प्रभारी आईजीआरएस, सहित जनपद के समस्त आईजीआरएस से जुड़े अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहे ।